दि. 29.09.2010

समय : 3 घण्टे)

# हिंदी (युवकभारती)

## प्रश्नपत्रिका : सप्टेंबर २०१०

(कुल अंक : 80

**प्रश्न १ : निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २०० से २५० शब्दों में निबंध लिखिए ।** (१०)

(१) विज्ञान और मनोरंजन । (२) भ्रष्टाचार : एक भस्मासुर । (३) अगर परीक्षाएँ न होतीं ...... ।

(४) स्वतंत्रता सेनानी की आत्मकथा । (५) कल करे सो आज कर ।

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

**प्रश्न २ : निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १०० शब्दों में लिखिए ।** (६)

(१) सरदार शिवसिंह के चरित्र का चित्रण कीजिए । (२) लेखक के अनुसार छाते की क्या उपयोगिता है ?

(३) नागफनी के प्रतीकार्थ को समझाइए ।

**प्रश्न ३ : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग ६० शब्दों में हो ।** (८)

(१) सेठ परसादीलाल ने अपने मुनीम को क्यों डाँटा ?

(२) भोलानाथ परेशान क्यों था ?

(३) लेखिका के जीवन में 'राज' और 'राजन' का क्या महत्व है ?

(४) ताप्ती के कछार में कौन-सी फसल सर्वाधिक मात्रा में उपजती है ?

**प्रश्न ४ : निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए ।** (५)

(१) संत कबीर ने प्रेम, निंदा, ठगी के बारे में क्या कहा है ?

(२) कवि गुप्तजी के अनुसार एकता के लिए मनुष्य को क्या करना चाहिए ?

(३) भोर को देखकर कवि के मन में क्या-क्या विचार उठते हैं ?

**प्रश्न ५ : निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग ५० शब्दों में हो ।** (९)

(१) प्रभु की समदर्शिता को स्पष्ट करते हुए संत सूरदास क्या कहते हैं ?

(२) कवि पंतजी के अनुसार भू पर स्वर्ग कैसे उत्पन्न होगा ?

(३) लडकी के मतानुसार चाँद को कौन-सी बीमारी है ?

(४) 'दयनीयता को विनम्रता मत समझिए' ऐसा कवि क्यों कहता है ?

(५) काँटे फूलों की रक्षा किस प्रकार करते हैं ?

**प्रश्न ६ : (च) निम्नलिखित अवतरण का संदर्भ-सहित स्पष्टीकरण कीजिए ।** (४)

''गिरना आसान है, उठना कठिन है । गिरने में सरलता है, आँखों में सरसता भी है, पर उठने में श्रम है, साधना है ।''

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

**अथवा**

''यह आप कह सकते हैं.... जो गुनाह समझते हैं उन्होंने ही सजा दी है.... अपराधी को सजा मिलनी ही चाहिए ।''

**(छ) निम्नलिखित अवतरण का संदर्भ-सहित स्पष्टीकरण कीजिए ।** (४)

''जनम-मरण की यह रज-काँवर,<br>
सब भू की सौगात,<br>
गगन की बात न करना ।''

**अथवा**

''अँसुवन जल सींचि सींचि, प्रेम बेलि बोई ।<br>
अब तो बेल फैल गई, आनंद फल होई ।''

**(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए ।** (४)

(१) सेठ परसादीलाल की कोठी पर रुपए में एक पाई किसलिए कटती थी ?

**अथवा**

(२) सरकार जनता की भलाई के लिए कौन-कौन-सी योजनाएँ बनाती जा रही थी ? (३) भापाजी की मृत्यु कैसे हुई ?

(४) चाची को किस तौहीन का दंश टीसता था ? (५) नागफनी का बिरवा किसका प्रतिनिधि है ?

**प्रश्न ७ : (क) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए ।** (४

(१) देव ने खादी क्यों पहनी ? (२) रवींद्रनाथ ठाकुर के विरोधी को लेखक ने क्या उत्तर दिया ?

(३) बापूजी ने महादेवी जी से क्या माँगा ?

**(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए । प्रत्येक टिप्पणी लगभग ५० शब्दों में हो ।** (६

(१) घीसा की गुरुभक्ति । (२) लेखक रामकुमार वर्मा के प्रति कस्तुरबा का वात्सल्य ।

(३) खितीन बाबू की चरित्रगत विशेषताएँ । (४) रामदास का अभावग्रस्त जीवन ।

**प्रश्न ८ : (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों के रचना के अनुसार भेद लिखिए ।** (२

(१) वह तो एक निराली बात है ।

(२) तुम पाँच-पाँच लडकों को पढ़ा सकती हो, लेकिन मेरे लिए तुम्हारे घर अकाल है ।

(३) नानक नाम जहाज है, जो चढ़े सो उतरे पार ।

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

**(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का कोष्ठक की सूचना के अनुसार काल–परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए ।** **(२)**

(१) रावी में उसका कल्याण हो गया । (सामान्य भविष्यत् काल में बदलिए ।)
(२) वह अपनी रक्ताभ आँखें पोंछ रही हैं । (अपूर्ण भूत काल में बदलिए।)
(३) कहीं कोई फूल घूडे पर खिल उठेगा । (सामान्य वर्तमान काल में बदलिए।)

**(इ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** **(२)**

(१) त्राहि त्राहि करना । (२) दायाँ हाथ होना । (३) फूलों से लादना । (४) दूध का कर्ज चुकाना ।

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

**(ई) i) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए ।** **(१)**

(१) लापरवाह । (२) व्यक्ति ।

**ii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण–रूप लिखिए ।** **(१)**

(१) तैयारी (२) सुंदरता ।

**(उ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए ।** **(२)**

(१) लडकों का शादियाँ होने लगीं । (२) यह पूरब का जल से पश्चिम के समुद्र को तृप्त करती है ।
(३) एक जगह इकट्ठा होने से बडी हौसला होता है ।

**प्रश्न ९ : निम्नलिखित गद्यखंड ध्यानपूर्वक पढकर उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए ।** **(५)**

स्वार्थ और अन्याय की प्रतिस्पर्धा आज सर्वव्यापी हो गई है और इसी सिद्धांत पर अनेक देशों की राजनीति चलती है। सच्चा सुधार तो प्रेम–धर्म और पडोसी–धर्म में ही है। हमें श्रद्धापूर्वक अपने अंदर इसी पडोसी–धर्म का विकास करना चाहिए। जो सज्जनता दिखलाते हों, उनके साथ मैत्री और जो दुर्जन बन गए हों, उनके साथ असहयोग करना, यही प्रेम–धर्म का नियम है। प्रेम धर्म सहानुभूति रखता हैं, सहायता देता है, परंतु दीन बनकर सहायता की अपेक्षा नहीं करता । प्रेमधर्म निर्भय होता है, इसलिए वह अमर्याद है । हम जिससे प्रेम करते हैं, यदि उसकी शक्ति बढती है, तो हमें भय नहीं होता । हमारा मित्र जितना ही निर्बल होगा, उतने ही हम कमजोर माने जाएँगे ।

**प्रश्न :** (१) सच्चा सुधार कैसे होता है ? (२) प्रेम–धर्म के क्या नियम है ? (३) उपर्युक्त परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए। **(५)**

**अथवा**

**उपर्युक्त गद्यखंड का एक तिहाई (१/३) शब्दों में सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए ।**

**प्रश्न १० : निम्नलिखित विषय के आधार पर पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए ।** **(५)**

गीतेश / गीता नायर, गोखले मार्ग, औरंगाबाद से प्राचार्य, धनवटे नैशनल कालेज, नागपूर को अपनी बहन की शादी के कारण सात दिनों की छुट्टी के लिए प्रार्थना–पत्र लिखता/लिखती है । **अथवा**

राजेंद्र/रागिणी महाजन, ३२४ आंबेडकर मार्ग, गोंदिया से व्यवस्थापक, अनमोल औषधिभंडार, सावरकर मार्ग, अमरावती को पत्र लिखकर घरेलू औषधियाँ डाक द्वारा मँगवाता/मँगवाती है ।

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM